Vardhmān™
Knitting Yarn

# WINTER2020

KNITTING DESIGN BOOK




KNIT LATEST DESIGNS FROM THE COMFORT OF YOUR HOME





## ड्रोपिल्ल निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 10 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 520 ग्राम**

**विधिः अगला भाग–** 120 फंदे डालकर 2X2 का 1½'' बॉर्डर बुनें फिर सीधा बुनें बीच में जाली वाली डिब्बी का डिज़ाइन डालते हुए तथा बीच के डिज़ाइन के साथ सीधे फंदों में दोनों तरफ से हर 8वीं सिलाई में 1–1 फंदा घटाते हुए 12'' तक बुनें फिर 1'' सीधा फिर 7'' तक दोनों तरफ से 1–1 फंदा हर 8वीं सिलाई में बढ़ाऐं फिर बाजू की कटाई तिरछी यानि हर सीधी सिलाई में 1–1 फंदा घटाऐं। 48 फंदे रहने पर बंद कर दें। इसी प्रकार दूसरा भाग भी बुनें।

**बाजूः** 86 फंदे डालकर 10 फंदे उल्टे और 14 फंदे की केबल बराबर दूरी पर शुरू करें। 4½'' बुनने पर केबल का डिज़ाइन बन्द कर दें और सीधा 6'' बुनें। फिर दोनों तरफ से हर 8वीं सिलाई में 1–1 फंदा बढ़ाते हुए 7'' बुनें फिर 2½'' सीधा बुनें। 19'' बुनने पर बाजू की कटाई तिरछी करें। इसी प्रकार दूसरी बाजू भी बुनें।

**गलाः** अगले–पिछले भागों तथा दोनों बाजू के फंदे उठाकर उल्टी तरफ से बराबर केबल का 8'' डिज़ाइन बुनें और बंद करके सुई से सिलाई करें।




## लीज़ा निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 8 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 320 ग्राम**

**विधिः** अगला भाग– 96 फंदे डालकर 1X1 का 1½'' बॉर्डर बुनें फिर उल्टा बुनते हुए बीच में बॉबल और डिब्बी का डिज़ाइन डालें। 8'' बुनने पर बीच वाली डिब्बी को बंद करके उसके ऊपर जाली का डिज़ाइन डालें तथा दोनों तरफ से बॉबल का डिज़ाइन डालते हुए बॉर्डर से ऊपर 9'' बुनकर 4-4 फंदे दोनों तरफ से बढ़ाऐं फिर बाजू के लिए 8'' बुनें। बाजू की कटाई के 4'' बुनकर बीच में गले की कटाई गोलाई में 4'' करें।

**पिछला भाग–** 96 फंदे डालकर 1X1 का 1½'' बॉर्डर बुनें फिर उल्टा बुनते हुए 9'' पर 4-4 फंदे दोनों तरफ बढ़ाऐ फिर आगे वाले भाग की तरह बुनें। तीरे के लिए 32-32 फंदे रखें।

**बाजू–** 48 फंदे डालकर 1X1 का 2'' बॉर्डर बुनें। फिर उल्टा बुनते हुए जाली का डिज़ाइन तथा दोनों तरफ से हर 6वीं सलाई में 1-1 फंदा बढ़ाते हुए 16'' तक बुनें फिर बंद कर दें। इसी प्रकार दूसरी बाजू बुनें और सुई से सिलाई करें।

**गला–** गले के फंदे उठाकर 1X1 का 3½'' बॉर्डर बुनें और सुई से बंद कर दें।

# COMFORTABLE AND CHIC



## फ्यूज़न निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 7 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 465 ग्राम**

**विधिः अगला भाग–** 126 फंदे डालकर 2½'' 1X1 का बॉर्डर बुनें। फिर सीधा बुनते हुए हर 6वीं सिलाई में 1–1 फंदा दोनों तरफ से 7'' तक घटाऐं फिर 1'' सीधा फिर हर 8वीं सिलाई में 1–1 फंदा दोनों तरफ से बढ़ाते हुए 7'' तक बुनें। फिर बाजू की कटाई तिरछी करें परन्तु बॉर्डर के ऊपर 15'' होने पर बीच से गले की पट्टी के साथ 1–1 फंदा हर चौथी सिलाई में घटाते हुए 6'' बुनें फिर गले की कटाई गोलाई में 4'' करें व पट्टीयों में बराबर दूरी पर 4–4 होल रखें। पिछला भाग अगले वाले भाग की तरह बुनें मगर गले की कटाई न करें।

**बाजूः** 46 फंदे डालकर 1X1 का बॉर्डर 3'' बुनें फिर सीधा बुनते हुए हर 6वीं सिलाई में दोनों तरफ से 1–1 फंदा बढ़ाते हुए 16'' बुनें। फिर दोनों तरफ से बाजू की कटाई तिरछी करें और बीच से गोलाई में फंदे घटाऐं। 5'' में सारे फंदे बन्द करें। इसी प्रकार दूसरी बाजू बुनें।

**गला व बाजू के होलः** गले व बाजू के होल से फंदे उठाकर 1X1 का 1'' बॉर्डर बुनकर बन्द कर दें।

# LAYER IT OVER



## जैकपोट निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 2 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 1100 ग्राम**

**विधिः** अगले भाग को 2 भागों में बनाएँ।

**पहला भागः** 25 फंदे डालकर 1x1 का 3'' बॉर्डर बुनें। फिर पर्ल का डिज़ाइन डालकर 16'' बुनें। फिर 2 फंदे बढ़ाऐं और 8'' बुनकर बंद कर दें। गले के लिए 4 फंदे बराबर दूरी पर घटाऐं। इसी प्रकार तीरे के लिए 20-20 फंदे रखें। आगे वाला दूसरा भाग भी बुनें।

**पिछला भागः** 50 फंदे डालकर 1x1 का 3'' बॉर्डर बुनें। फिर पर्ल बुनते हुए 16'' तक बुनें 2 फंदे बढ़ाऐं और 8'' तक बुनें।

**बाजूः** 50 फंदे डालकर पर्ल बुनते हुए 8'' तक बुनें फिर 6वीं सलाई में 1-1 फंदा घटाते हुए 8'' बुनें और बंद कर दें। इसी प्रकार दूसरी बाजू बुनें और सुई से सिल दें। फिर बटन वाली पट्टियां 1x1 के बॉर्डर की 1½'' बुनकर बंद करें और दोनों तरफ मोटी वाली डोरी लगाऐं।



FLAUNT YOUR STYLE

## टविस्टर निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 9 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 677 ग्राम**

**विधिः अगला भाग–** 125 फंदे डालकर 1X1 बॉर्डर आडे पर बुनते हुए 29'' तक बुनें। पिछला भाग 170 फंदे डालकर 1X1 का बॉर्डर 29'' आडे पर बुनें।

**बाजू–** 52 फंदे डालकर 1X1 का बॉर्डर बुनते हुए दोनों तरफ से हर 6वीं सिलाई में 1-1 फंदा बढ़ाते हुए 15'' बुनें और बंद कर दें। इसी प्रकार दूसरी बाजू बुनें और बन्द करें सुई से सिल दें।

**गला–** 108 फंदे अगले भाग के बीच से उठाऐं और 108 फंदे पिछले भाग के बीच से उठाए और 2X2 का 10'' बॉर्डर बुनकर बंद करें।

# DASH OF ELEGANCE



## ग्लैमरस निटिंग यार्न

**सिलाई नं. – 8 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 450 ग्राम**

**विधिः अगला भाग–** 108 फंदे डालकर पिस्ता रंग से 1X1 का 3'' बॉर्डर बुनें। फिर 1'' में डिज़ाइन डालें। फिर सीधा 12'' बुनें और 3-2-1 के क्रम से बाजू के लिए कटाई करें और बीच में V शेप गले की कटाई करें 30-30 फंदे तीरे के लिए रखें। इसी प्रकार पिछला भाग बुनें पर गले की कटाई न करें।

**बाजू–** 100 फंदा मैजंटा रंग से 1X1 का 4'' बॉर्डर बुनें फिर 2 का 1-1 करके 50 फंदे रखें। फिर दिए गए ग्राफ की तरह डिज़ाइन बनाते हुए तथा दोनों तरफ से हर 6वीं सिलाई में 1-1 फंदा बढ़ाते हुए 16'' तक बुनें। फिर बाजू की कटाई 3-3-3-3 करके सारे फंदे बंद कर दें। इसी प्रकार दूसरी बाजू भी बुनें और सुई से बंद कर दें। गले के फंदे उठाकर 1X1 का 1½'' बॉर्डर बुनें।

MAKE WINTERS COLOURFUL



## फरलॉन निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 8 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 400 ग्राम**

**विधिः** 120 फंदे डालकर 1X1 का 2½'' बॉर्डर बुनें फिर सीधा बुनते हुए बीच में डबल केबल का डिज़ाइन डालें। 52 फंदे का शुरू करें और साथ में दोनों तरफ से हर 8वीं सलाई में 1-1 फंदा घटाते हुए 9½'' तक बुनें फिर 11'' सीधा और उसके बाद हर 8वीं सलाई में 1-1 फंदा बढ़ाते हुए 7'' तक बुनें और केबल का डिज़ाइन बीच में 13'' बुनकर बंद कर दें फिर सीधा बुनें। 7'' बुनने पर आगे वाले फंदे बराबर दूरी पर 10-10 फंदे हर 10 सलाई बुनने पर घटाऐं। 4½'' बुनने पर 1X1 का 2'' बॉर्डर बुनें। इसी प्रकार पिछला भाग भी बुनें।

**बाजूः** 50 फंदे डालकर 1X1 का 2½'' बॉर्डर बुनें। फिर 1½'' सीधा बुनें तथा बीच मे 7-7 फंदे की 6 पट्टी 4-4'' की बुनें। फिर 1'' सीधा तथा दोनों तरफ से हर 6वीं सलाई में 1-1 फंदा बढ़ाऐं। 8'' के बीच में केबल का डिजाइन बनाऐं फिर 13'' बुनने पर केबल की 6 पट्टी 4-4'' बुनें। फिर बाजू की कटाई के लिए 10-10 फंदे हर 10वीं सलाई में घटाते जाऐं 18'' बुनने पर बाजू की कटाई डालें। फिर 2'' 1X1 का बॉर्डर बुनें। इसी प्रकार दूसरी बाजू भी बुनें और सुई से सिलाई करें। गला आगे-पीछे तथा दोनों बाजू के फंदे सारे इक्ट्ठे बुनकर 2½'' सीधा बुनें और बंद कर दें।



# SOMBRE STYLE

## ब्लिंग निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 8 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 650 ग्राम**

**विधिः पिछला भाग–** 185 फंदे डालकर 2 सिलाई सीधी व 2 सिलाई उल्टी बुनते हुए 20 सिलाई बुनें। फिर हर सीधे सिलाई में 8-8 फंदे घटाते हुए 8'' तक बुनें। 80 फंदे रहने पर फंदे घटाना बन्द करें। फिर 2x2 का बॉर्डर शुरू करें 1½'' होने पर बीच से 14 फंदे बुनें। 2 सिलाई उल्टी 2 सिलाई सीधी बुनते हुए हर चौथी सिलाई के बाद 6-6 फंदे डिज़ाइन के बढ़ाते हुए बुनें। बॉर्डर से 11'' ऊपर होने पर बाजू की कटाई करें परन्तु बोर्डर शुरू करने के बाद दोनों तरफ से हर 8वीं सिलाई में 1-1 फंदा बढ़ाऐं। बाजू की कटाई 3-2-1 के क्रम में करें। 8'' होने पर बन्द कर दें।

**अगला भागः** अगले भाग का पहला भाग - 80 फंदे डालकर 2 सिलाई उल्टी 2 सिलाई सीधी बुनें और 20 सलाई बुनें। फिर हर सीधी सिलाई में 4-4 फंदे कम करते हुए 8'' तक 28 फंदे रह जाऐंगे। फिर 2x2 का बॉर्डर शुरू करें। 1½'' होने पर पट्टी वाली तरफ से 6-6 फंदे 2 उल्टी 2 सीधी सिलाई से बुनें और साथ ही दूसरी तरफ से हर 8वीं सिलाई में 1-1 फंदा बढ़ाते हुए 11'' तक बुनें। फिर बाजू की कटाई 3-2-1 के क्रम से करें। 3'' होने पर गले की कटाई तिरछी 5'' करें। इसी प्रकार अगले भाग का दूसरा भाग भी बुनें।

**बाजूः** 80 फंदे डालकर 2 सिलाई पर्ल की बुने फिर सीधा 2'' के बाद हर 6वीं सिलाई में 4-4 फंदे घटाते हुए 8'' तक बुनें। 48 फंदे रहने पर 2'' सीधा फिर हर 6वीं सिलाई में दोनों तरफ से 1-1 फंदा बढ़ाते हुए 14'' तक बुनें फिर बाजू की कटाई तिरछी करें। इसी प्रकार दूसरी बाजू भी बुनें और सुई से सिल दें।

**पट्टीयां व गलाः** अगले भागों के व गले के फंदे उठाकर 1x1 का 5'' बॉर्डर बुनकर बन्द कर दें।



BE A TREND SETTER

## फैशनिस्टा निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 7 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 325 ग्राम**

**विधिः अगले भाग का पहला भाग–** 80 फंदे डालकर शुरू करें 5 फंदे उल्टे 3 फंदे केबल के इसी प्रकार सारी सिलाई बुनें। उल्टी सिलाई में 5 सीधे 3 उल्टे बुनते हुए सारी सिलाई बुनें फिर एक तरफ से हर सीधी सिलाई में 2-2 फंदे घटाते हुए 8'' तक बुनें। फिर दूसरी तरफ से बाजू की कटाई 3-2-1 के क्रम से करें। जब 14 फंदे रह जाऐ तो फंदे घटाना बन्द करें। बाजू की कटाई के ऊपर 8'' होने पर बन्द करें। इसी प्रकार अगले भाग का दूसरा भाग भी बुनें।

**पिछला भागः** 8 फंदे डालकर आगे वाले भाग की तरह डिज़ाइन बुनते हुए 8'' तक बुनें। फिर बाजू की कटाई 3-2-1 के क्रम में करें। 8'' बुनकर बन्द करें और सुई से सिल दें।

**बाजूः** 53 फंदे डालकर आगे वाले भाग की तरह डिज़ाइन बुनते हुए हर 6वीं सिलाई में 1-1 फंदा दोनों तरफ से बढ़ाते हुए 18'' तक बुनें। फिर बाजू की कटाई 3-3-3-3 करके सारे फंदे बन्द करें। इसी प्रकार दूसरी बाजू भी बुनें और सुई से सिल दें।

**गलाः** आगे वाले भागों के व गले के फंदे उठाकर 5X3 का 1½'' बॉर्डर बुनें। फिर दोनों तरफ से 90-90 फंदे बन्द करें व बीच में 128 फंदों की कॉलर बुनें 4'' होने पर उल्टी तरफ से केबल का डिज़ाइन शुरू के 4'' होने पर बन्द कर दें।



# LASTING IMPRESSION

## स्टर्लिंग निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 8 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 438 ग्राम**

**विधिः अगला भाग–** 64 फंदे डालकर दोनों तरफ हर सीधी उल्टी सिलाई फंदा बढ़ाते हुए 1X1 का 4'' बॉर्डर बुनें। फिर सीधा 17'' बुनकर बाजू की कटाई 2-1 से करें। बाजू की कटाई के 2'' ऊपर पीले रंग से बुनें बीच से गले के लिए एक भाग बुनें साथ में 1X1 बॉर्डर के 10 फंदे गले की पट्टी के बुनें। बाजू की कटाई 8'' करें। इसी प्रकार दूसरी तरफ से भी बुनें। इसी प्रकार पिछला भाग बुनें।

**बाज़ू–** 54 फंदे डालकर 1X1 का 6'' बॉर्डर बुनें फिर पीले रंग से सीधा बुनें और दोनों तरफ से हर 6वीं सिलाई में 1-1 फंदा बढ़ाते हुए 10'' तक बुनें और बंद कर दें। इसी प्रकार दूसरी बाजू बुनें और सुई में बंद कर दें। तीरे के 74-74 फंदे दोनों भागों के रखें और सुई से बंद कर दें।

# READY TO CELEBRATE



## सॉफ्टनिट निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 8 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 425 ग्राम**

**विधिः** 120 फंदे डालकर सफेद रंग से 1x1 का 2½'' बॉर्डर बुनें। फिर पर्पल रंग से शुरू करें। हर सीधी सिलाई में 4-4 फंदे पर्पल रंग से बुनते हुए तिरछा बुनें व हर 4 फंदों के बाद 1 फंदा कम करे। साथ ही हर 8वीं सिलाई में 1-1 फंदा दोनों तरफ घटाते हुए 11'' तक बुनें। फिर 1½'' सीधा फिर दोनों तरफ से 1-1 फंदा हर 8वीं सिलाई में बढ़ाते हुए 7'' तक बुनें। फिर बाजू की कटाई तिरछी करें। साथ ही गले की कटाई बीच से हर सीधी सिलाई में 2-2 फंदे घटाते हुए 5'' में सारे फंदे बन्द कर दें। इसी प्रकार दूसरा भाग भी बुनें।

**बाजूः** 42 फंदे डालकर सफेद रंग से 1x1 का 2½'' बॉर्डर बुनें। फिर पपर्ल रंग से सीधा बुनते हुए हर 6वीं सिलाई में दोनों तरफ से 1-1 फंदा बढ़ाते हुए 18'' तक बुनें फिर तिरछी कटाई 5'' तक करें। इसी प्रकार दूसरी बाजू भी बुनें और सुई से सिल दें।

**गलाः** गले के फंदे उठाकर 1x1 का 1'' बॉर्डर बुनें गले के बीच से फंदे उठाकर 11-11 फंदों की 16-16 पट्टी बुनकर बन्द कर दें।



# AS GRACEFUL AS IT GETS

## बटरफ्लाई निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 7 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 425 ग्राम**

**विधिः अगला भाग–** 110 फंदे डालकर 1X1 का 2'' बॉर्डर बनाऐं फिर बीच में तीन बराबर डिब्बी वाला डिज़ाइन डालें तथा दोनों तरफ से हर 6वीं सिलाई में 1-1 फंदा घटाते हुए 7'' तक बुनें और 1'' सीधा बुनें फिर दोनों तरफ से 1-1 फंदा बढ़ाते हुए 7'' तक बुनें। फिर तिरछी कटाई 8'' बुनें तथा बीच में v शेप में गले की कटाई भी करें।

**पिछला भाग–** 110 फंदे डालकर 1X1 का 2'' बॉर्डर बुनें फिर अगले भाग की तरह डिज़ाइन बनाऐं और दोनों तरफ से हर 6वीं सलाई में 1-1 फंदा घटाते हुए 7'' बुनें 1'' सीधा फिर दोनों तरफ से हर 6वीं सिलाई में 1-1 फंदा बढ़ाते हुए 7'' बुनें और फिर तिरछी कटाई बाजू की 8'' तक बुनें।

**बाजू–** 52 फंदे डालकर 1X1 का 2½'' बॉर्डर बुनें फिर सीधा बीच में केबल का डिजाइन बुनें। दोनों तरफ से हर 6वीं सिलाई में 1-1 फंदा बढ़ाते हुए 17'' तक बुनें। फिर 8'' बाजू की कटाई तिरछी करें। इसी प्रकार दूसरी बाजू बुनें और सुई से सिल दें। गले के फंदे उठाकर 1X1 का 1'' बॉर्डर बुनें और सुई से बंद कर दें।






## सोफिया निटिंग यार्न

**सिलाई नं. – 9 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 400 ग्राम**

**विधिः अगला भाग–** 194 फंदे डालकर 4½" बॉर्डर बुनें फिर हर दो फंदे का 1-1 फंदा बनाकर सारी सिलाई बुन लें और फिर 18-18 फंदे की दो केबल का डिज़ाइन डालते हुए 17" तक बुनें और बाजू की कटाई 3-2-1 के क्रम से दोनों तरफ से करें और उसके बाद 3½" बुनकर गले की कटाई गोलाई में कर दें और बाजू के ऊपर सारा 8" तक बुनें और तीरे के 26X26 फंदे रखें और बन्द कर दें इस प्रकार पिछला भाग बुनें और गले की कटाई न करें।

**बाजू–** 50 फंदे डालकर 2" का बॉर्डर बुनें उसके बाद हर 6वीं सिलाई में दोनों साईड से 1X1 फंदा बढ़ाते हुए 18" तक बुनें और 3X3 के क्रम से सारे फंदे बंद कर दे इस प्रकार दूसरी बाजू बुनें और सुई से सिल दें।

**गला–** दोनों भागों के फंदे उठाकर 1X1 बॉर्डर 1" बुनें और सूई से बन्द कर दें और गारमेंट सुई से सिल दें।



ALL OCCASION OUTFIT

## स्विस मोहेर निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 9 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 635 ग्राम**

**विधिः** 120 फंदे डालकर 1X1 का 2½'' बॉर्डर बुनें। फिर 6 फंदे बराबर दूरी पर बढ़ाऐ। फिर 10-10 फंदों की 5 केबल बराबर दूरी पर डालें व बीच में 11-11 फंदे उल्टे बुनते हुए 19'' तक बुनें साथ में सिलाई सीधी व 2 सिलाई उल्टी फिर बाजू की कटाई 4-3-2-1 के क्रम से करें। फिर 9'' बुनकर बन्द करें।

**अगले भाग का पहला भागः** 46 फंदे डालकर 1X1 का 2½'' बॉर्डर बुनें। फिर पिछले भाग की तरह डिज़ाइन बुनते हुए 19'' तक बुनें। फिर बाजू की कटाई 4-3-2-1 के क्रम से करें। 9'' बुनकर बन्द कर दें। इसी प्रकार आगे वाला दूसरा भाग भी बुनें।

**बाजूः** 56 फंदे डालकर 1X1 का 2½'' बॉर्डर बुनें। फिर 6 फंदे बराबर दूरी पर बढ़ाऐ। फिर 2 सिलाई सीधी 2 सिलाई उल्टी 2 सिलाई सीधी फिर 2X2 का 1'' बॉर्डर बुनें इसी प्रकार रपीट करते हुए दोनों तरफ से हर 6वीं सिलाई में 1-1 फंदा बढ़ाते हुए 21'' तक बुनें। फिर बाजू की कटाई 3-3-3-3 करके सारे फंदे बन्द करें। इसी प्रकार दूसरी बाजू भी बुनें।

**गला व पट्टीयाँः** आगे वाले भागों व गले के फंदे उठाकर 1 पट्टी का गला हरे रंग से 2X2 का 5'' बॉर्डर बुनें व दूसरी पट्टी में 24 फंदे ग्रे रंग के व 4 फंदे हरे रंग के 2X2 का बॉर्डर बुनते हुए 5'' बुनकर बन्द कर दें।




## स्कॉटिश निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 7 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 560 ग्राम**

**विधिः अगला भाग–** 70 फंदे स्कॉटिश के और 35 फंदे मिलानो यार्न के डालकर दोनों 1X1 का 2½'' बॉर्डर बुनें फिर दोनों धागों से बुनते हुए स्कॉटिश वाले भाग में प्लेन बुनें व मिलानो वाले भाग में केबल का डिज़ाइन बुनते हुए 19'' बुनें। फिर बाजू की कटाई 4-3-2-1 के क्रम से करें। 4'' होने पर गले की कटाई गोलाई में 4½'' करें तीरे के 26-26 फंदे रखें। इसी प्रकार दूसरा भाग बुनें परन्तु गले की कटाई न करें।

**बाजूः** 50 फंदे डालकर मिलानो यार्न से शुरू करें। 2½'' 1X1 का बॉर्डर बुनें फिर 7 फंदे बराबर दूरी पर बढ़ाऐं। फिर केबल का डिज़ाइन बुनते हुए हर 6वीं सिलाई में दोनों तरफ से 1-1 फंदा बढ़ाते हुए 21'' तक बुनें। फिर बाजू की कटाई 3-3-3-3 करके सारे फंदे बन्द करें।

**दूसरी बाजूः** स्कॉटिश यार्न से 46 फंदे डालकर 1X1 का बॉर्डर 2½'' बुनें। फिर सीधा बुनते हुए हर 6वीं सिलाई में 1-1 फंदा दोनों तरफ से बढ़ाते हुए 21'' तक बुनें। फिर बाजू की कटाई 3-3-3-3 करके सारे फंदे बन्द करे।

**गलाः** गले के फंदे उठाकर मिलानो यार्न से सीधा 2'' बुनकर बन्द कर दें।




## मिलानो निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 9 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 355 ग्राम**

**विधिः** 120 फंदे डालकर 2X2 का 2½'' बॉर्डर बुनें। फिर 2½'' सीधा बुनकर दिए गए ग्राफ की तरह डिज़ाइन शुरू करें। 14½'' बुनने पर बाजू की कटाई 4-3-2-1 के क्रम से करें तथा बीच से गले की कटाई v शेप में हर चौथी सलाई में 1-1 फंदा घटाते हुए 8½'' तक बुनें तीरे के लिए 30-30 फंदे रखें। इसी प्रकार पिछला भाग बुनें, पर गले की कटाई न करें। फिर दोनों भागों को सूई से सिल दें। बाजू के फंदे उठाकर 2X2 का 1½'' बॉर्डर बुनें और गले के फंदे उठाकर 2X2 का 1½'' बॉर्डर बुनें।

**मफलर/स्कार्फः** 60 फंदे डालकर 3 पर्ल बुनें। फिर दोनों तरफ से 4-4 फंदे पर्ल के रखें बीच से सीधी 2 सलाई बुनकर दिये गये ग्राफ की तरह 6'' में डिज़ाइन डालें। फिर सीधा 80'' बुनकर 3 पर्ल डालें और बंद कर दें।




## ब्राईलोन निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 10 व सिलने वाली सुई        वज़न – 300 ग्राम**

**विधिः** 105 फंदे डालकर 2x2 का 2'' बॉर्डर बुनें। फिर 105 फंदों को बराबर तीन भागों में बांटे पहले भाग में 35 फंदों में पर्ल डालें और बीच के 35 फंदों में इचकदाना डालें तथा तीसरे भाग 35 फंदों में 24 फंदों की केबल बनाऐं तथा 11 फंदे इचकदाने के बुनें। 9'' बुनने पर बाजू की कटाई 3-2-1 के क्रम से करें। 5'' बुनने पर गले की कटाई गोलाई में 2½'' करें। तीरे के लिए 24-24 फंदे रखें। इसी प्रकार दूसरा भाग भी बुनें।

**बाजूः** 48 फंदे डालकर 2x2 का 2½'' बॉर्डर बुनें। फिर पर्ल का डिज़ाइन बुनते हुए तथा हर 6वीं सलाई में 1-1 फंदा बढ़ाते हुए 9'' बुनें। फिर 3-3-3-3 करके सारे फंदे बंद करें।

**दूसरी बाजूः** 48 फंदे डालकर 2x2 का 2½'' बॉर्डर बुनें फिर इचकदाना का डिज़ाइन बुनते हुए तथा हर 6वीं सलाई में 1-1 फंदा बढ़ाते हुए 9'' तक बुनें फिर 3-3-3 करके सारे फंदे बंद कर दें और सुई से सिल दें।

**गलाः** गले के फंदे उठाकर 2x2 का 2½'' बॉर्डर बुनें और सुई से बंद कर दें।

ACTIVE LIFESTYLE



## रैबिट एक्सेल निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 10 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 250 ग्राम**

**विधिः** 90 फंदे डालकर 2X2 का 2¼'' बॉर्डर बुनें फिर 2½'' सीधा बुनें। फिर नीले रंग से सीधा बुनते हुए 9'' तक बुनें फिर बाजू की कटाई 3-2-1 के क्रम से करें। 3'' बुनने पर गले की कटाई गोलाई में 3½'' करें। तीरे के लिए 19-19 फंदे रखें। बीच में दिए गये जिराफ के डिजाइन को ग्राफ की तरह ही बनाए और दोनों तरफ बादल व सूर्य का डिज़ाइन बनाऐं। इसी प्रकार पिछला भाग भी बुनें पर डिज़ाइन न डालें।

**बाजूः** 46 फंदे डालकर 2X2 का 2¼'' बॉर्डर हरे रंग से बुनें फिर 2½'' सीधा तथा दोनों तरफ से हर 6वीं सिलाई में 1-1 फंदा बढ़ाऐं। उसके बाद नीले रंग से बुनते हुए 7'' तक बुनें बाजू की कटाई 3-3-3 करके सारे फंदे घटाऐं। इसी प्रकार दूसरी बाजू भी बुनें और सुई से बंद करें।

**गलाः** गले के फंदे उठाकर 2X2 का 1½'' बॉर्डर बुनें और सुई से बंद कर दें।



# ROCK N ROLL

## क्रेयॉन्स निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 9 व सिलने वाली सुई**　　**वज़न – 183 ग्राम**

**विधिः पहला भाग–** 18 फंदे डालकर सीधा 12'' बुनें फिर आडी बाजू के लिए हर सिलाई में 5-5 फंदे बढ़ाते हुए 12'' तक बुनें। 12'' बुनने पर 55 फंदे होने पर 6'' सीधा बुनें फिर दूसरी तरफ से हर सिलाई में 5-5 फंदे बढ़ाकर 12'' बुनें। इसी प्रकार आगे वाला दूसरा भाग बुनें।

**पिछला भागः** 72 फंदे डालकर शुरू करें 12'' बुनने पर अगले भाग की तरह बाजू की आडी कटाई करें पट्टी के लिए आगे वाले भागों तथा पीछे वाले भाग को सारे फंदे उठाकर 2X2 की 7'' पट्टी बुनकर सुई से बंद कर दें। फिर नीचे से सारे फंदे उठाकर 1X1 का 2½'' बॉर्डर बुनें और बंद कर दें। इसी प्रकार ही बाजू के फंदे उठाकर 2'' पट्टी पर्ल की बनाऐं।

**कैपः** 90 फंदे डालकर 6 पर्ल डालकर बुनें फिर सीधा 6'' बुनें फिर हर सिलाई में 2 का 1 करते हुए बुनें और बंद करके सुई से सिलाई करें।



# YOUR SUPER GIRL

## फ्लैटर्स निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 9 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 324 ग्राम**

**विधिः** 120 फंदे डालकर 6 पर्ल डालें। फिर दोनों तरफ 6-6 फंदे पर्ल के रखें। बीच में 10 फंदे सीधे 1 फंदा पर्ल का फिर 10 फंदों में 2 सिलाई उल्टी डालें। इसी प्रकार सारी सिलाई रपीट करें।

**उल्टी सिलाईः** उल्टी सिलाई सारी उल्टी बुनें। 14 सिलाई बुननें पर जो 10 फंदे सीधे बुनें है, उनके ऊपर उल्टे फंदे बुनकर 2 सिलाई उल्टी बुनें। 28 सिलाई बुनने पर डिब्बी को पूरा करें 4'' चॉक के लिए रखें। चॉक के ऊपर हर चौथे पर्ल में 1-1 फंदा घटाते हुए 6'' तक बुनें फिर बॉर्डर शुरू करें। बॉर्डर की पहली सिलाई में हर 10 फंदे के बाद 1-1 फंदा घटाऐं। 2'' बॉर्डर बुनें फिर दोनों तरफ से पर्ल के साथ-साथ 1-1 हर सिलाई में फंदा घटाते हुए 5½'' बुनें। फिर 1½'' बॉर्डर बुनकर बंद कर दें।

**पिछला भागः** पिछला भाग भी आगे वाले भाग की तरह बुनें पर उसके ऊपर 11-11 फंदे की 11-11 इंच पट्टी बुनकर 1-1 बटनहोल रखें और बंद कर दें।

**हेयर बैंडः** 10 फंदे पर्ल के बुनने शुरू करें। हर चौथे पर्ल में 1-1 फंदा बढ़ाते हुए 7'' तक बुनें। फिर 4'' सीधा बुने फिर 7'' में हर चौथे पर्ल में 1-1 फंदा घटाते हुए 10 फंदे रखें और बंद कर दें।

**मिटन्स (दस्ताने)ः** 42 फंदे डालकर 30 पर्ल डालें और बंद कर दें। इसी प्रकार दूसरा मिटन भी बुनें और सुई से बंद कर दें अंगूठे के लिए होल रखें।



# DAZZLING PRINCESS

## ज़िग-ज़ैग निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 9 व सिलने वाली सुई      वज़न – 420 ग्राम**

**विधिः** 112 फंदे डालकर 8 सिलाई सीधी बुनें। फिर नौंवी सिलाई में जाली डालें। फिर 8 सिलाई सीधी बुनकर फोल्ड करके किंगरी वाला बॉर्डर बुनें। फिर 122 फंदों को 3 भागों में बराबर करें। बाहर वाले दोनों भागों में केबल के लिए 12-12 फंदे रखें और बीच वाले 40 फंदे सीधे बुनें हर 8वीं सिलाई में 4 फंदे घटाऐं 1-1 फंदे बाहर वाली तरफ से तथा 2 फंदे बीच वाले भाग से दोनों तरफ घटाते हुए 18'' तक बुनें। फिर 2'' बॉर्डर 1X1 का बुनें और बन्द कर दें।

**पिछला भागः** पिछला भाग भी आगे वाले भाग की तरह बुनें। 19'' होने पर दोनों तरफ 10-10 फंदे बन्द कर दें और फिर दोनों तरफ से केबल का डिज़ाइन बुनें और बीच के फंदे सीधे बुनें। 4'' बुनने पर बीच के फंदे बन्द कर दें और दोनों तरफ की केबल 9-9'' बुनकर बीच में बटन के लिए दोनों में 1-1 बटनहोल रखें और 8 सिलाई 1X1 के बॉर्डर की बुनकर बन्द कर दें।

**इन्नर विधिः** 90 फंदे डालकर 1X1 का 1½'' बॉर्डर बुनें। फिर सीधी सिलाई में 6 फंदे बराबर घटाऐं। 84 फंदे सीधे बुनते हुए 11½'' तक बुनें। फिर बाजू की कटाई 3-2-1 के क्रम से करें। 5½'' बुनने पर गले की कटाई गोलाई में 1'' करें। तीरे के लिए 20-20 फंदे रखें। इसी प्रकार पिछला भाग भी बुनें।

**बाजूः** 42 फंदे डालकर 1X1 का 2'' बॉर्डर बुनें। फिर सीधा बुनते हुए दोनों तरफ से हर 6वीं सिलाई मे 1-1 फंदा बढ़ाते हुए 12½'' तक बुनें और बाजू की कटाई 3-3-3 करके सारे फंदे बन्द कर दें इसी प्रकार दूसरी बाजू भी बुनें और सुई से सिल दें।

**गलाः** गले के फंदे उठाकर 1X1 का 2½'' बॉर्डर बुनकर सुई से बन्द कर दें।

# FEELING CUTE



## पफ्फी निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 7 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 240 ग्राम**

**विधिः अगला भाग–** 52 फंदे डालकर 1X1 का 2½'' बॉर्डर बुनें। दोनों तरफ से 5-5 फंदे की पर्ल वाली पट्टी तथा बीच में बराबर दूरी पर जाली वाला डिज़ाइन डालते हुए 15'' भी बुनें। फिर 2'' गले की कटाई गोलाई में डालें। इसी प्रकार पिछला भाग बुनें। तीरे के लिए 18-18 फंदे रखें और गले के लिए फंदे उठाकर 10'' बुनकर हुड बंद कर दें।

# DELIGHTFULLY YOURS



## माईक्रोशाईन निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 9 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 400 ग्राम**

**विधिः** 180 फंदे डालकर 2X3 का 1'' बॉर्डर बुनें फिर बराबर दूरी पर केबल का डिज़ाइन बनाते हुए 6'' तक बुनें। फिर केबल के बीच जो उल्टे फंदे है उनमें हर 6वीं सलाई में 12-12 फंदे घटाते हुए 13'' तक बुनें फिर 6'' डायमण्ड के डिज़ाइन की डिब्बी बनाऐं तथा बाजू की कटाई 3-2-1 के क्रम से करें। साथ में ही V शेप में गले की कटाई 6½'' तक करें तीरे के लिए 20-20 फंदे रखें। इसी प्रकार पिछला भाग भी बुनें और सुई से सिलाई करें।

**टोपीः** 20-20-20 फंदे की बॉर्डर की तीन पट्‌टी 20-20 इंच बुनें। फिर इनका केबल का डिज़ाइन बनाऐं। फिर केबल के ऊपर से 90 फंदे उठाकर 4'' तक बुनें। फिर 6-6 फंदे के बाद हर सलाई में 10-10 फंदे घटाकर 1½'' में बंद करें और एक पॉम-पॉम लगाऐं।



# BRIGHTEN UP THE DAY

## प्राइम रोज़ प्रीमियम निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 10 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 274 ग्राम**

**विधि :** अगला भाग– 100 फंदे डालकर 2'' 1X1 का बॉर्डर काले रंग से बुनें। फिर काले रंग के 8 फंदे और 2 फंदे सफेद के बुनें। दूसरी सीधी सलाई में 6 फंदे काले और 4 फंदे सफेद के बुनें। फिर तीसरी सीधी सलाई में पहली सिलाई रपीट करें। फिर दूसरा डिज़ाइन इस डिज़ाइन के बीच से शुरू करें और 3'' बुनें। फिर बीच में किट्टी का डिज़ाइन शुरू करें और दोनों तरफ से काले रंग से 4'' तक बुनें। उसके बाद फिर पर्पल रंग और सफेद रंग से 4 पर्पल तथा 1 सफेद के फंदे बुनते हुए 4½'' बुनें फिर बाजू की कटाई 3-2-1 के क्रम से करें। 3½'' बुनने पर गले की कटाई गोलाई में 2½'' करें। तीरे के लिए 20-20 फंदे रखें। इसी प्रकार पिछला भाग बुनें पर किट्टी और गले की कटाई न करें।

**बाजू–** 45 फंदे डालकर काले रंग से 1X1 2'' बॉर्डर बुनें फिर सफेद रंग के डोट डालते हुए 5½'' तक बुनें। फिर पर्पल रंग में सफेद रंग का 1-1 फंदा बुनते हुए 6'' तक बुनें और बाजू की कटाई 3-3-3 करके सारे फंदे बंद कर दें और सुई से सिल दें। गले के फंदे उठाकर 1X1 का 1'' बॉर्डर बुनें और सुई से बंद कर दें।

# Apple Cheeks



## ड्रोपिल्ल निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 9 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 385 ग्राम**

**विधिः** 56 फंदे डालकर पीले रंग से 1X1 का 5'' बॉर्डर बुनें। फिर नीले रंग से पर्ल व 2 केबल बराबर दूरी पर डालें। हर 10वीं सिलाई में दोनों तरफ से 1-1 फंदा बढ़ाते हुए 5'' तक बुनें। इसी प्रकार दूसरा भाग भी बुनें। फिर दोनों भागों के फंदे इक्ट्ठे करें बीच से 10-10 फंदे बढ़ा लें। 10'' बुनने पर फंदों को तीन भागों में बाँट लें। दो भाग आगे के व एक भाग पिछला बाजू भी कटाई के लिए 2-2 फंदे घटाऐं। 3½'' होने पर गले की कटाई गोलाई में 2½'' करें इसी प्रकार आगे के दूसरे भाग को बुनें। पिछला भाग में गले की कटाई न करें।

**बाजूः** 42 फंदे डालकर पीले रंग से 1X1 का 4½'' बॉर्डर बुनें फिर 10 फंदे बराबर बढ़ा लें। फिर सीधा बुनते हुए हर 6वीं सिलाई में 1-1 फंदा बढ़ाते हुए 7'' तक बुनें और बन्द कर दें। इसी प्रकार दूसरी बाजू भी बुनें व सुई से सिल दें।

**हुडः** गले के फंदे उठाकर पर्ल से शुरू करें पीले रंग से 9'' बुनकर बन्द कर दें व सुई से सिल दें। क्रोशिये से दो कान बनाकर लगाऐं।

**मोजेः** 39 फंदे डालकर 1X1 का 4'' बॉर्डर बुनें फिर बराबर तीन भाग करें बीच वाला भाग 3'' सीध बुनें और सारे फंदे उठाकर 8 पर्ल डालकर बंद कर दें। इसी प्रकार दूसरा मोज़ा बनाऐं।

# Adorable Angel



## ब्राईलोन निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 10 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 150 ग्राम**

**विधिः कैप्री–** मिंट रंग से शुरू करें –76 फंदे डालकर 2½'' में बराबर दूरी पर 3 फंदे बढ़ाऐं। इसी प्रकार दूसरा भाग भी बुनें और दोनों भागों को इकट्ठा जोड़कर 6'' बुनें। फिर डार्क टील रंग से 2x2 का 3'' बॉर्डर बुनें और सुई से बंद कर दें।

**पट्टी–** 10-10 फंदे की पट्टी 15'' 15 पर्ल की बुनें और बीच में बराबर करके लगा दें।

**टोपी–** 80 फंदे डालकर पर्ल से 7'' बुनें। फिर 2 का 1 करते हुए सारे फंदे बंद कर दें। 30 फंदे हैट के लिए बीच से उठाऐं और दोनों तरफ से 1-1 फंदा बढ़ाते हुए 2½'' बुनें फिर उसी प्रकार दोनों तरफ से 1-1 फंदा घटाऐं और सुई से सिल दें और हैट के ऊपर डार्क टील रंग से 1'' चौड़ी और 4'' लम्बी पट्टी लगाऐं।

**मोज़े–** 42 फंदे डालकर 5 पर्ल डालकर 3 भागों में बराबर बांटे और बीच वाले भाग को 3'' पर्ल से बुनें। सारे फंदे उठाकर गोलाई में 8 पर्ल डालकर सुई से बंद कर दें और डार्क रंग की पट्टी 3'' लम्बी और 1'' चौड़ी बनाकर ऊपर लगाऐं। इसी प्रकार दूसरा मोजा भी बुनें।

# Sweet Pea




## लिटिल एंजेल निटिंग यार्न

**क्रोशिया नं. – 10 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 200 ग्राम**

**विधिः** पिंक रंग से 110 चेन डालकर डबल क्रोशिया से बुनते हुए 7½'' तक बुनें फिर 2 का 1 करते हुए कम करें दो लाईन में 42 फंदे रह जाएंगे फिर सफेद रंग से 4 लाईन लगाएं फिर पिंक रंग से 6 लाईन लगाएं। फिर बाजू के लिए दोनों तरफ से तीरछी कटाई 7 लाईन तक करें। उसी प्रकार दूसरा भाग भी बुनें व सुई से सिल दें।

**बाजूः** 54 चेन डालकर डबल क्रोशिऐ से 8 लाईन बुनें फिर बाजू की तिरछी कटाई 7 लाईन में करें। इसी प्रकार दूसरी बाजू बनाऐं और सुई से सिल दें। गले में बिडिंग कर दें।

# Honey Bun



## ज़िग-ज़ैग निटिंग यार्न

**क्रोशिया नं. – 10 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 200 ग्राम**

**विधिः स्वेटर–** 47 चेन बनाऐं हॉफ डब्बल क्रोशिए से बुनते हुए 8'' तक बुनें फिर दोनों तरफ से 3-3 चेन कर करें 3'' के बाद बीच से गले की कटाई गोलाई में 2½'' करें तीरे में 12-12 हॉफ डब्बल क्रोशिया रखें। इसी प्रकार पिछला भाग भी बुनें ओर गला 4'' बुनने पर छोड़ें यानि की 1½'' गोलाई में करें। सुई से सिलकर गले व बाजुओं में सिंगल क्रोशिऐ से 1 लाईन डाल दें।

**टोपी–** 65 चेन डालकर डबल क्रोशिऐ से बुनें 6'' बुनकर 2 का 1 करके सारे फंदे कम करें 2 गोल टिक्की बनाकर कान लगा दें।

**निकर–** 22 चेन डालकर शुरू करें 12 लाईन के बाद हर सीधी-उल्टी लाईन में 2-2 चेन बढ़ाते हुए 21 लाईन डालें। फिर दोनों तरफ से 16-16 चेन डाले। 4 लाईन लगा कर बन्द कर दें। दोनों तरफ से सिंगल क्रोशिऐं से 1 लाईन डालें।

**पूंछ–** 12 चेन डाले डबल क्रोशिऐ से बुनते हुए 13'' तक बुनें और पीछे बीच में लगा दें।

# Chubby Cutie



## बेबी सॉफ्ट प्रिंट निटिंग यार्न

**क्रोशिया नं. – 9 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 150 ग्राम**

**विधिः** गले से शुरू करें 78 चेन बनाऐं फिर 3 चेन डालकर हॉफ डब्बल क्रोशिए से 78 बार डालें। इसी प्रकार 4 बार बुनें फिर 5वीं बार में 5 हॉफ डब्बल क्रोशिए के बाद 1 चेन में 2 हॉफ डब्बल बुनें यानि की 5 के बाद 1 बढ़ाऐं। लाईन पुरी होने के बाद गोलाई में बुनते हुए 6 हॉफ डब्बल क्रोशिए के बाद चेन की सहायता से झाली का डिज़ाइन बुनते हुए फंदों को बढ़ाऐं 11'' होने पर बन्द कर दें। नीचे गोल वाली बिडिंग करें। गले में भी बिडिंग करें।

**टोपी** – 6 चेन की रिंग बनाऐं फिर उस में 15 हॉफ डब्बल क्रोशिए से बुनें फिर दूसरी लाईन में 15 से 23 करें यानि 1 चेन में एक और दूसरी चेन में 2 बुने तीसरी लाईन में भी इसी प्रकार बुनें। 1 चेन में एक और दूसरी चेन में 2 यानि के 23 के 35 बनाऐं चौथी लाईन में हर तीसरी चेन में 2 बुनते हुए बढ़ाऐ 35 के 47 करें 6वीं लाईन में हर चौथी चेन में 1 चेन में 2 डालें यानि की 47 के 60 हो जाऐंगे फिर 10 लाईन बराबर डालें। फिर तीन लाईन में हर तीसरी चेन में 1-1 फंदा बढ़ाते हुए झालर बनाऐं। क्रोशिए से फूल बनाकर लगा दें।

# Bubbly Bear



## बेबी सॉफ्ट निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 10 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 218 ग्राम**

**विधिः अगला भाग–** 38 फंदे डालकर पर्ल का बुनते हुए 8'' तक बुनें। फिर कंधे की तिरछी कटाई 3'' बुनने पर गले की गोलाई में 3'' करें। इसी प्रकार आगे वाला दूसरा भाग बुनें। बटन के लिए बराबर दूरी पर 7 होल रखें।

**पिछला भाग–** 70 फंदे डालकर पर्ल का बुनते हुए 8'' तक बुनें और कंधे की 6'' तिरछी कटाई करें।

**बाज़ू–** 40 फंदे डालकर पर्ल का बुनते हुए 7'' तक बुने और बाज़ू की 6'' तिरछी कटाई करें। इसी प्रकार दूसरी बाज़ू भी बुनें और सुई से सिल दें। गले के फंदे उठाकर 4 पर्ल डालकर बंद करें।

**टोपी–** 100 फंदे डालकर 10 फंदे पर्ल के 1 फंदे के दोनों तरफ जाली फिर 10 फंदे पर्ल के बुनने पर 3 फंदे का एक बनाऐं। इसी प्रकार रपीट करते जाऐं 6'' बुनने पर 2 फंदे का एक-एक बनाते हुए सारे फंदे बंद कर दें और क्रोशिए से बुनकर 2 टिक्की कान की बुनें और टोपी के नीचे दोनों तरफ डोरी और 2 पॉम-पॉम लगाऐं।

**मोज़े–** 36 फंदे डालकर 20 फंदे पर्ल, 10 फंदों की केबल तथा 5 फंदों की पर्ल की पट्टी बुनते हुए 6'' बुनें फिर 36 फंदों के 3 हिस्से बराबर बनाऐं। बीच वाले हिस्से को 3'' बुनें फिर गोलाई में सारे फंदे उठा लें 6 पर्ल डालकर फिर दूसरे रंग से 6 सिलाई सीधी डालकर फोल्ड करें और 4 पर्ल औरेंज कलर के बुनकर बंद कर दें। डोरी डालकर दोनों और 2 पॉम-पॉम लगाऐं। इसी प्रकार दूसरा मोजा भी बुनें।

# Cutie Pie



## बेबी सॉफ्ट प्रिंट निटिंग यार्न

**सलाई नं. – 10 व सिलने वाली सुई** **वज़न – 153 ग्राम**


**विधिः** पिछला भाग– 40 फंदे डालकर 1X1 का 3½'' बॉर्डर बुनें। फिर जाली वाला डिज़ाइन बुनते हुए तथा दोनों तरफ से हर 6वीं सिलाई में 1–1 फंदा बढ़ाते हुए 4'' तक बुनें। फिर आसन की कटाई 2–1 के क्रम में करें फिर 9'' तक बुनें। फिर बीच में गोलाई में कटाई करें।


**अगला भाग–** 40 फंदे डालकर 1X1 का 3½'' बॉर्डर बुनें। फिर जाली वाला डिज़ाइन बुनते हुए तथा दोनों तरफ से 6वीं सिलाई में 1–1 फंदा बढ़ाते हुए 4'' तक बुनें फिर आसन की कटाई 2–1 के क्रम से डालें फिर 9'' तक बुनें। फिर दोनों तरफ से 10–10 फंदे इक्ट्ठे घटाऐं। फिर 1–1 फंदा दोनों तरफ से घटाते हुए 3'' तक बुनें और बचे हुए सारे फंदे बंद कर दें। फिर अगले-पिछले भाग के फंदे उठाकर 1X1 का 1'' बॉर्डर बुनें। पिछले भाग में 12 फंदे की 8–8'' दो पट्टी बनाकर बीच में बराबर दूरी पर जोड़ दें।

**टोपी–** 96 फंदे डालकर 1X1 का 1½'' बॉर्डर बुनें फिर जाली वाला डिज़ाइन डालते हुए 6'' तक बुनें फिर सारे फंदे 2 का 1 करके घटाऐं और सुई से सिल दें और एक पॉम-पॉम लगाऐं।


**मोज़े–** 39 फंदे डालकर 1X1 का 4'' बॉर्डर बुनें फिर बराबर तीन भाग करें बीच वाला भाग 3'' सीध बुनें और सारे फंदे उठाकर 8 पर्ल डालकर बंद कर दें। इसी प्रकार दूसरा मोज़ा बनाऐं।

# GRAPH






ग्राफ पेज 19



ग्राफ पेज 08



ग्राफ पेज 27



ग्राफ पेज 22






PLACE YOUR ORDER AT

**www.vardhmanknitworld.com**

/VARDHMAN-KNITTING-YARN

# STAY IN TREND WITH OUR LATEST YARN COLLECTION

Introducing new range of yarns in various shades and textures, carefully developed by our design team at Vardhman.

**Enjoy the best in class quality.**





**EXCLUSIVELY AVAILABLE ON OUR WEBSITE ONLY**

Vardhmān™
Knitting Yarn

# JOIN **INDIA'S FASTEST GROWING** ONLINE KNITTING COMMUNITY










Follow **Vardhman Knitting Yarn** on Facebook & Instagram and be a part of multiple knitting events




**Vardhman Textiles Limited**
**Chandigarh Road, Ludhiana-141010**

**WWW.VARDHMANKINTWORLD.COM**